is Question Paper contains 8 printed pages.
वेभाग - *A, B, C & D)*

l.No. 391049

# 14 (H)

**(MARCH, 2023)**

समय : *3* घंटे] [अधिकतम अंक : *80*

सूचनाएँ :

1) हस्तलेखन को स्पष्ट लिखिए।
2) इस प्रश्नपत्र में चार विभाग हैं **A, B, C** और **D** एवं कुल **1** से **51** प्रश्न हैं।
3) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं, आंतरिक विकल्प दिये गये हैं।
4) दाहिनी ओर प्रश्न के अंक दिये गए हैं।
5) सूचना के अनुसार आकृतियाँ स्वच्छ, स्पष्ट और उचित प्रमाण में बनाएँ।
6) नया विभाग नये पन्ने पर लिखिए। प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार दीजिए।

## विभाग – A
### (गद्य विभाग)

■ निम्नलिखित प्रश्नों के नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर उत्तर लिखिए : **[2]**

1) मौलाना अबुल कलाम के अनुसार सबसे बड़ा काम क्या है?
   (A) हँसना
   (B) जीवन जीना
   (C) सेवा करना
   (D) मरना

2) कालिदास किस भाषा के महाकवि थे?
   (A) अरबी
   (B) हिन्दी
   (C) संस्कृत
   (D) गुजराती

■ निम्नलिखित विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : [2]

3) बूढ़ी काकी के प्रति सिर्फ ................ को अनुराग था।

(लाड़ली, रूपा)

4) प्रोफेसर रामिश का ड्रीम प्रोजेक्ट .............. बनाना था।

(रोबोट प्रक्षेपण यंत्र, मानव प्रक्षेपण यंत्र)

■ निम्नलिखित वाक्यों में से सही वाक्यांश चुनकर पूरा वाक्य फिर से लिखिए : [2]

5) रामप्रसाद बिस्मिल को इस बात का दु:ख था कि उन्हें ............

(A) अपनी माँ की सेवा का अवसर नहीं मिलेगा।

(B) माँ का प्यार नहीं मिला।

(C) अपनी माँ से दूर रहना पड़ता था।

6) अलबम भेजने के लिए पत्र ...................

(A) बिहार के मारवाड़ी सेठ ने लिखा था।

(B) कलकत्ते के मारवाड़ी सेठ ने लिखा था।

(C) अहमदाबाद के मारवाड़ी सेठ ने लिखा था।

■ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए : [3]

7) प्रेमचंदजी ने बुढ़ापे को क्या कहा है?

8) सच्चा देशभक्त कौन है?

9) विदेश जाकर सुधा किस क्षेत्र में पढ़ाई करना चाहती थी?

■ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए : [4]

10) 'तृष्णा' को परंपरागत डाकूरानी क्यों कहा गया है?

11) उज्जयिनी की राज्यसभा कवि कालिदास का सम्मान क्यों और किस तरह करना चाहती है?

अथवा

हमारी खुशी हमें कब खुश नहीं कर सकती?

■ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर चार–पाँच वाक्यों में लिखिए : [3]

12) सुधामूर्ति महिलाओं के लिए किस प्रकार प्रेरणामूर्ति है? विस्तार से लिखिए।

अथवा

'रचना' एकांकी के द्वारा रघुवीर चौधरी क्या सीख देते है? विस्तार से लिखिए।

■ निम्नलिखित कथन का आशय स्पष्ट कीजिए : [3]

13) "तुम्हारे लिए प्रश्न अधिकार का है, उनके लिए संवेदना का।"

अथवा

"लातों के भूत बातों से नहीं मानते हैं।"

## विभाग – B
## (पद्य विभाग)

■ निम्नलिखित प्रश्नों के नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर उत्तर लिखिए : [2]

14) मीरा ने 'राम रतन धन' किनकी कृपा से पाया है?

(A) माता की (B) पति की

(C) सद्गुरू की (D) भगवान की

15) सुमित्रानंदन पंत किस काव्य के कवि है?

(A) साधूपदेश (B) जन्मभूमि

(C) कश्मीर (D) सवैये

■ निम्नलिखित विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर रिक्त स्थानों की पुर्ति कीजिए : [2]

16) भारतवर्ष का भाल ..................... है।

(कश्मीर, हिमालय)

17) रसखान का असली नाम .................. था।

(सैयद इब्राहिम, सैयद इल्यास)

■ निम्नलिखित वाक्यों में से सही वाक्यांश चुनकर पूरा वाक्य फिर से लिखिए :

18) संकट में प्राण बचाने के लिए सारी ..............

(A) युक्ति लगा देनी चाहिए।

(B) शक्ति लगा देनी चाहिए।

(C) भक्ति लगा देना चाहिए।

19) तोते ने वर माँगा कि ..................

(A) मेरे साथी फिर से इस पेड़ पर आ जाए।

(B) यह सूखा पेड़ फिर से लहलहा उठे।

(C) इस वन में कोई शिकारी न आए।

■ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए : [3]

20) करोड़ों कंठों से क्या आवाज उठी?

21) श्री विरेन्द्र मिश्र ने 'नावों की नगरी' किसे कहा है?

22) जन-जन के हृदय में कौन-सी नदियाँ बसी है?

■ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए : [4]

23) साधु मौन धारण क्यों करते है?

24) सूखे पेड़ पर तोते को देखकर इन्द्र को क्यों आश्चर्य हुआ?

अथवा

श्री सर्वेश्वर दयाल ने भूख की दशा को क्यों सुंदर कहा है?

■ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर चार-पाँच वाक्यों में लिखिए : [3]

25) भारत देश 'विश्व शांतिदूत' क्यों कहलाता है?

अथवा

रसखान श्री कृष्ण का सामीप्य किन रूपो में, किस प्रकार चाहते हैं?

■ निम्नलिखित पंक्तियों का आशय स्पष्ट कीजिए : [3]

26) कहते है सब शास्त्र, कमाओ रोटी जान बचाकर,
पर संकट में प्राण बचाओ, सारी शक्ति लगाकर।

अथवा

हाथ में हो गोमुखी
माला सदा हिलती रहे
नम्र उपर से बनें
भीतर छुरी चलती रहे।

## विभाग – C
### (व्याकरण विभाग)

■ निम्नलिखित कहावत का अर्थ स्पष्ट कीजिए : [1]

27) दिन दूनी रात चौगुनी

■ निम्नलिखित शब्द समूह के लिए एक शब्द लिखिए। [1]

28) गायरूपी धन

■ निम्नलिखित शब्द की संधि विच्छेद कीजिए : [1]

29) इत्यादि

■ निम्नलिखित शब्द की संधि कीजिये : [1]

30) तपः + वन

■ निम्नलिखित मुहावरे का अर्थ देकर वाक्य में प्रयोग कीजिए : [2]

31) आग बबूला हो जाना

■ निम्नलिखित शब्दों का विरोधी शब्द लिखिए :

32) सज्जन

33) स्वामी

■ निम्नलिखित शब्दों का पर्यायवाची शब्द लिखिए :

34) आशा

35) निकट

■ निम्नलिखित शब्दों की भाववाचक संज्ञा लिखिए : [2]

36) बहुत

37) मिलना

■ निम्नलिखित शब्दों की कर्तृवाचक संज्ञा लिखिए : [2]

38) निर्माण

39) बात

■ निम्नलिखित शब्दों की विशेषण संज्ञा लिखिए : [2]

40) दिन

41) गाँव

■ निम्नलिखित समास को पहचानिए : [2]

42) दोपहर

43) कालिदास

## विभाग - D
### (लेखन विभाग)

■ निम्नलिखित विषय पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए : [3]

44) समाचार पत्र

अथवा

कम्प्युटर

■ निम्नलिखित परिच्छेद को पढ़कर नीचे दिए गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए : [4]

तुलसीदासजी ने उचित ही लिखा है –"का वर्षा जब कृषि सुखाने, समय चूकि पुनि का पछताने।" अवसर को खोकर पश्चात्ताप करना मूर्खता ही है। समय बलवान है और समय ही स्वर्ण है। जिन्होंने समय को पहचानकर इसका सदुपयोग किया है, वे विश्व में महान हो गए। बीता हुआ समय लौटकर नहीं आता। जीवन का हर क्षण मूल्यवान है। इसकी पहचान और सही उपयोग ही सफलता की कुंजी है। ज्ञान का विस्तार बहुत है और जीवन के क्षण कुछ मात्र। इन दुर्लभ क्षणों को सही समय पर सही काम में लगाना बड़ी उपलब्धि है। वस्तुत: यह सोचना कि हम समय को नष्ट कर रहे है, एक बड़ी भूल है। सच तो यह है कि समय ही हमें नष्ट कर रहा है। काल सबको खा जाता है, लेकिन उन महात्माओं को नहीं जो इसका सदुपयोग करते है। गांधी, ईसा, न्यूटन, विवेकानंद आदि महान व्यक्तियों के उदाहरण हमारे सामने है।

प्रश्न :

45) समय को समझने के बारे में हम क्या भूल करते हैं?

46) विश्व में कौन और क्यों महान हो सके?

47) जीवन में हमें किस मूर्खता से बचना चाहिए?

48) इस परिच्छेद के लिए उचित शीर्षक दिजिए।

■ निम्नानुसार पत्र लिखिए : [5]

49) 5, अमन सोसायटी, स्टेशन रोड, बड़ौदा से अनिल देसाई अपने सुरत निवासी मित्र संजय शर्मा को राष्ट्रभाषा हिन्दी का महत्त्व बताता हुआ एवं हिन्दी भाषा बोलने का अनुरोध करता हुआ पत्र लिखता है।

■ रूपरेखा के आधार पर कहानी लिखकर शीर्षक एवं बोध लिखिए : [5]

50) चार चोरों का मिलकर धन चुराना – बँटवारा करने के लिए जंगल में जाना – भूख लगना – दो चोरों का मिठाई खरीदने के लिए नगर में जाना – नीयत बिगड़ना – मिठाई में जहर मिलाना – इधर जंगल में दोनों चोरों के मन में भी पाप – मिठाई लानेवालों मार डालने की युक्ति – हाथ मुँह धुलाने के लिए दोनों को कुएँ पर ले जाना – कुएँ में ढकेल देना – मिठाई खाकर बाकी के दो चोरों का भी मर जाना – सीख।

51) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 150 शब्दों में निबंध लिखिए : [7]

■ मेरा भारत महान

परिचय – संस्कृति – लोग – आर्थिक स्थिति – सुवर्णभूमि – भव्य इतिहास – स्वाधीनता – उज्वल भविष्य – उपसंहार।

अथवा

■ मेरी माँ

माँ की महिमा – परिवार की जिम्मेदारियों में व्यस्त – स्वभाव की विशेषता – धार्मिक प्रवृत्ति व उदारता – माँ के प्रति पूज्य भाव – उपसंहार।

अथवा

■ मेरा प्रिय शिक्षक

परिचय – आज के शिक्षकों से तुलना – ज्ञान – भंडार और पढ़ाने का ढंग – खेल कूद आदि में दिलचस्पी – स्नेहपूर्ण व्यवहार – छात्रों की मदद की भावना – आदर्श जीवन।